
हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

11 नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण परेशानी


12 विधायक राजेश जून ने विधानसभा में उठाईं 17 मांगें


## यूपीएससी में जिले के होनहार बच्चों ने सफलता के गाड़े झंडे, हार नहीं मानकर लगातार किया प्रयास

### राखी ने यूपीएससी की तैयारी के लिए बैंक की नौकरी छोड़ी, मिली 65वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



शहर के सेक्टर-6 निवासी राखी ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में 65वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राखी मूल रूप से गांव मांडौठी से संबंध रखती हैं और वर्तमान में बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 रहती हैं। उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन आईआईटी रुड़की से की है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएशन पंजाब यूनिवर्सिटी से पूरी की। यूपीएससी में उनका ऑप्शनल विषय पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस रहा। राखी ने वर्ष 2015 में एसबीआई में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में नौकरी जॉइन की थी, लेकिन 2020 में नौकरी छोड़कर उन्होंने मास्टर्स करने और यूपीएससी की तैयारी पर पूरा ध्यान दिया। राखी के पिता यशवंत सिंह हरियाणा सरकार में इतिहास के लेक्चरर रहे हैं और अब सेवानिवृत्त हैं। उनकी माता नीलम देवी भी प्रिंसिपल हैं। राखी की शादी चंडीगढ़ में हुई है।

### तीसरे प्रयास में किसान की बेटी शीतल चौहान ने पाई सफलता, 405वीं रैंक आई



**झज्जर।** जिले के गांव खेड़ी सुलतान निवासी शीतल चौहान ने अपने तीसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 405वीं रैंक प्राप्त करके सफलता हासिल की है। होनहार बेटी के पिता प्रमोद कुमार चौहान ने बताया कि वे पेशे से किसान हैं। उनकी बेटी शीतल ने जहां दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई गुरुग्राम जिले के गांव मुसेदपुर स्थित कैंब्रिज स्कूल से की वहीं बारहवीं कक्षा आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ से उत्तीर्ण की। इसके बाद उसने बीएससी की पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से की तथा एमएससी बनारस यूनिवर्सिटी से की है। उसका छोटा भाई ट्रेडिंग का काम करता है। उसकी इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। प्रमोद कुमार ने बताया कि वे अन्य अभिभावकों को भी संदेश देना चाहते हैं कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाकर उनके सपने पूरे करने में मदद करनी चाहिए।

### एमबीबीएस के बाद डॉ. अंकिता ने चुनी यूपीएससी, आई 442वीं रैंक



**झज्जर।** गांव पहाड़ीपुर निवासी डॉ. अंकिता सिवाच ने 442वीं रैंक के साथ यूपीएससी में सफलता हासिल की। उसने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की। वर्तमान में रोहतक के सेक्टर 4 में रहने वाली डॉ. अंकिता की इस उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों ने खुशी जताई। डॉक्टर अंकिता सिवाच ने खानपुर स्थित मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद यूपीएससी की तैयारी की। अंकिता के पिता रणवीर सिवाच अध्यापक पद से 2022 में वीआरएस लेने के बाद लकड़िया में एक निजी स्कूल चलाते हैं। माता कमला देवी एमडीयू रोहतक में सुपरिंटेंडेंट हैं।

### जतिन की पांचवें प्रयास में आई 191वीं रैंक, 4 दिन पहले बने थे ट्रेजरी अफसर



**झज्जर।** जिले के गांव साल्हावास निवासी जतिन कुमार जाखड़ ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 191वां स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने यह सफलता अपने पांचवें प्रयास में हासिल की। लगातार चार बार असफल होने के बावजूद हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत के बल पर लक्ष्य प्राप्त किया। जतिन ने अपनी स्कूली शिक्षा धौला कुआं स्थित आर्मी स्कूल से पूरी की और इसके बाद महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से बीएससी व एमएससी की पढ़ाई की। तैयारी के दौरान उन्होंने दिल्ली और रोहतक की लाइब्रेरी में नियमित अध्ययन किया। तीसरे प्रयास में वह इंटरव्यू तक पहुंचे थे, जबकि चौथे प्रयास में प्रीलिम्स पास नहीं कर सके थे। चार दिन पहले ही उनका चयन ट्रेजरी ऑफिसर के पद पर भी हुआ है। जतिन के पिता दीपक जाखड़ किसान हैं। उनके चयन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### नूना माजरा के सरकारी स्कूल से सामान व नकदी चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर स्कूल के कार्यालय से लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर और नकदी सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्कूल की प्रिंसिपल पूणम मक्कड़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 मार्च की रात स्कूल में चोरी हुई। चोरों ने प्रिंसिपल कार्यालय और अन्य अलमारियों से सामान और नकदी चुरा ली। चोर एक लैपटॉप, एक डेस्कटॉप कंप्यूटर, एक प्रिंटर, डीवीआर, रजिस्टर फाइलें और प्रिंसिपल कार्यालय से 5 हजार रुपये नकद ले गए। इसके अलावा अन्य अलमारी से करीब 18 हजार रुपये की नकदी भी चोरी कर ली गई। मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस चोरी की वारदात की जांच कर रही है।

## नागरिक अस्पताल पहुंची आधुनिक मशीन, पीपीपी मोड पर होगी जांच

# अब 650 रुपये में होगा सीटी स्कैन

- 7 पात्र श्रेणियों के मरीजों को पूरी तरह मुफ्त जांच का लाभ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। शुक्रवार को अस्ताल पहुंची अत्याधुनिक मशीनें।

शहर के नागरिक अस्पताल में अगले पखवाड़े तक आधुनिक सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। उम्मीद है कि इस मशीन के लगने से करीब 70 प्रतिशत रेफरल केस कम हो जाएंगे। इसके लिए ज्योति इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर 10 साल के लिए अनुबंध किया गया है। इस व्यवस्था से मरीजों को कम कीमत पर बेहतर जांच सुविधा मिल सकेगी।

शुक्रवार को यह मशीन अस्पताल में पहुंच गई है। लैब भी लगभग तैयार हो चुकी है। इस मशीन के शुरू होने से अस्पताल में प्रतिदिन 50 से अधिक सीटी स्कैन किए जा सकेंगे। पहले मरीजों को सीटी स्कैन के लिए निजी सेंटरों या दूसरे शहरों में जाना पड़ता था, जहां जांच के लिए करीब 2 हजार रुपये या उससे अधिक खर्च करना पड़ता था। अब नागरिक अस्पताल में हेड इंजरी का सीटी स्कैन मात्र 650 रुपये में किया जाएगा। अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 1200 से 1400 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए आते हैं, जिनमें से कई मरीजों को सीटी स्कैन की जरूरत पड़ती है। अब अस्पताल में ही जांच उपलब्ध होने से मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इस सुविधा में बीपीएल परिवार, हरियाणा सरकार के कर्मचारी और पेंशनर्स, अज्ञात दुर्घटनाग्रस्त मरीज, एससी/एसटी वर्ग, अर्बन स्लम रेजिडेंट समेत 7 पात्र श्रेणियों के मरीजों को पूरी तरह मुफ्त जांच का लाभ मिलेगा।

#### हाई एंड एंजियोग्राफी संभव : अरोड़ा



ज्योति इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रतिनिधि नीरज अरोड़ा ने बताया कि इस परियोजना के लिए 32 स्लाइस मशीन का एग्रीमेंट हुआ था, लेकिन कंपनी ने 80 स्लाइस मशीन इंस्टॉल की है। पीपीपी मोड पर 10 वर्ष के लिए इसे लागू किया गया है। नई मशीन के माध्यम से कार्डियो (हृदय) को छोड़कर शरीर के अन्य अंगों की हाई-एंड एंजियोग्राफी भी बेहतर तरीके से की जा सकेगी।

#### निजी अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा



अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. देवेंद्र मेघा ने बताया कि पहले सीटी स्कैन के लिए मरीजों को पीजीआई या अन्य शहरों में रेफर करना पड़ता था। अस्पताल में आधुनिक सीटी स्कैन मशीन शुरू होने से सस्ती जांच सुविधा मिलेगी। इसमें सरकार द्वारा तय 7 श्रेणियों की जांच निशुल्क होगी, उनके शुल्क का भुगतान सरकार करेगी।

### ठेके पर विवाद में दो सरपंचों को पीटा, एक अस्पताल में भर्ती

**बहादुरगढ़।** गांव बामड़ोला के शराब ठेके पर हुई कहासुनी के बाद उपजे विवाद ने बड़े झगड़े का रूप ले लिया। इसमें एक पक्ष ने दो सरपंचों समेत 4 लोगों की पिटाई कर दी। हमले में गांव पेलपा का सरपंच बुरी तरह जख्मी होने के बाद बेहोश हो गया था। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव पेलपा के सरपंच संदीप ने बताया कि 4 मार्च की शाम वह बामड़ोला के सरपंच अनुराज, मनदीप और अक्षय के साथ स्कॉर्पियो कार में सवार होकर गांव बामड़ोला के ठेके पर शराब लेने गए थे। वहां अनुराज की सेल्समैन के साथ कहासुनी हो गई। आवेश में दरवाजा भी टूट गया और मौके पर पुलिस की ईआरवी-112 भी आ गई। फिर चारों अपनी स्कॉर्पियो में सवार होकर गांव की तरफ चल पड़े। लेकिन एक एंडेवर गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। गाड़ी से उतरे प्रशांत व अंकित हाथापाई करने लगे। जैसे-तैसे वे वहां से निकले तो कुछ ही दूरी पर दो अन्य गाड़ियां आईं। इनमें मोनू पोस्ती व रजनीश के साथ कुछ अन्य लोग थे। हमलावरों ने डंडों और अन्य हथियारों से मारपीट की, जिसमें अनुराज, मनदीप व अक्षय अपना बचाव करते हुए वहां से भाग गए। जबकि सरपंच संदीप बेहोश हो गया।

MAHARAJA SURAJMAL SCHOOL
Daboda Khurd, Bahadurgarh, Haryana-124507
Ph.: 08307782775


Applications are invited from dynamic, experienced, qualified and trained candidates proficient in communication & technology based education possessing qualifications as per CBSE norms for Maharaja Surajmal School at Daboda-Bahadurgarh(Haryana) for the following posts on the salary as per govt. norms:-

* PGT : (Chemistry), (Math), (English) Physical Education
* PRT * NTT

Only shortlisted candidates shall be called for written test & interview. Eligible candidates may forward their resume and a recent passport size photograph superscripting the post at email: mssbrecruitment@gmail.com

By 18/03/2026. PRINCIPAL





# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

### सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



## जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

## सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

## हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

## मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



## सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

## फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

## करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

**खबर संक्षेप**

### माइनर में प्रवासी युवक की तलाश जारी

**बहादुरगढ़।** पुलिस व गोताखोर टीम ने रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में डूबे प्रवासी युवक की तलाश में शुक्रवार को भी सर्च अभियान चलाया। हालांकि देर शाम तक उन्हें सफलता नहीं मिली। जानकारी के अनुसार बिहार मूल का करीब 18 वर्षीय चंदन रोहद स्थित एक प्लाईवुड कंपनी में काम करता है। वह बुधवार शाम को अपने दोस्तों के साथ दुल्हेंडी पर पार्टी करने के बाद नहाने के लिए एनसीआर माइनर पर चला गया। नशे की हालत में नहाते वक्त उसका पांव फिसल गया और वह माइनर डूबता चला गया। उसके साथियों ने शोर भी मचाया। आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखारों की मदद से सर्च अभियान शुरू किया, जो शुक्रवार को भी जारी रहा।

### दो लापता छात्राओं को तलाशने में जुटी पुलिस

**बहादुरगढ़।** शहर के एक राजकीय स्कूल की दो लापता छात्राओं का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा। पुलिस 11वीं कक्षा की छात्राओं की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। चिंतित परिजन भी बच्चियों की सकुशलता के लिए लगातार प्रार्थना कर रहे हैं। बता दें कि दोनों छात्राएं वीरवार को सरकारी स्कूल से एक साथ निकली थीं। एक को लाइनपार तथा दूसरी को पटेल नगर जाना था। लेकिन देर शाम तक दोनों घर नहीं पहुंचीं। काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटी तो चिंतित परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इसके उपरांत पुलिस को शिकायत दी गई।

## महिलाओं को दी आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत भवन में महिला कार्यकर्ताओं के लिए सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में महिला कार्यकर्ताओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने महिलाओं को सतर्कता, आत्मविश्वास और त्वरित प्रतिक्रिया के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें सरल व प्रभावी आत्मरक्षा के तरीकों का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा सोमवती जाखड़ ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकताओं में से एक है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, महिला थाना प्रभारी किरण, मनीष बंसल, बरखा यादव, मीनू धनखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### समाधान शिविरों में 5673 शिकायत प्राप्त, 141 पेंडिंग

**झज्जर।** आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समयबद्ध निपटान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। ऐसे में अधिकारी जनसमस्याओं का तत्परता से निपटारा करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक आयोजित हुए समाधान शिविरों में कुल 5673 शिकायत प्राप्त हुई हैं इनमें से केवल 141 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद आदि माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

*स्वयं नालियों की सफाई करने पर मजबूर हैं लोग*

# नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण भट्टी गेट वासियों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भट्टी गेट क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दमदमा मोहल्ला निवासी सूरत सिंह सैनी, राज सिंह सैनी, जीते सैनी, नरेश शर्मा, नितिन कौशिक, ज्ञानेश्वर थराण आदि ने बताया कि नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल जाता है जिस कारण राहगीरों को परेशानी आ रही है। बार-बार कहने के बाद सफाई कर्मचारी आते हैं और नाले की सफाई करके चले जाते हैं लेकिन फिर से वही हाल हो जाता है। कालोनी वासी कृष्ण, रमेश, राजेश आदि ने बताया कि उनके यहां आए दिन जलभराव की समस्या बनी रहती है। पेयजल सप्लाई के दौरान समस्या और अधिक विकट रूप ले लेती है। ऐसे में वे स्वयं ही नालियों की सफाई करने पर मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में दो राजकीय विद्यालय स्थित होने के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवागमन करते हैं। जिसके कारण विद्यार्थियों को भी काफी दिक्कतें होती है।


झज्जर। भट्टी गेट में स्वयं नाली सफाई कार्य में जुटे मोहल्लावासी। फोटो : हरिभूमि

### गोबर व कूड़े से अटी हैं नालियां

*मोहल्ला वासियों का कहना है कि पेयजल सप्लाई के दौरान कुछ लोग नालियों में गोबर व कूड़ा-कर्कट डाल देते हैं, जो आकर उनके घरों के आगे रुक जाता है। ऐसे में नालियों में बड़ी मात्रा में गोबर व कूड़ा जमा हो गया है। वे अपने-अपने घरों के आगे से लाठी या डंडे की सहायता से नालियों की सफाई करते हैं लेकिन यह स्थिति आए दिन बन जाती है। नगर परिषद कर्मचारियों को चाहिए कि वे नियमित नालियों की सफाई कराए ताकि गंदे पानी के भराव की समस्या से छुटकारा मिल सके।*

### आमजन को नहीं होने दी जाएगी परेशानी

नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि शहर में सफाई नियमित और व्यवस्थित तरीकें से कराई जा रही है। नालों की सफाई कार्य भी चल रहा है। भट्टी गेट क्षेत्र की समस्या उनके संज्ञान में नहीं है। शनिवार को ही नालियों की सफाई करवा दी जाएगी। प्रयास यहीं है कि आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो।


शहर के 66 फुटा रोड पर नाले ब्लॉक होने के कारण सड़क पर भरा गंदा पानी।

## 66 फुटा रोड पर नाले जाम सड़क पर भरा गंदा पानी

*बहादुरगढ़। शहर के 66 फुटा रोड पर नाले ब्लॉक होने के कारण सड़क के दोनों ओर गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे आसपास के क्षेत्रों के लोगों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से नाले की सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई है। परिणामस्वरूप गंदा पानी सड़क पर फैल गया है और कई स्थानों पर कीचड़ जैसी स्थिति बन गई है। इस सड़क से पटेल नगर, सैनिक नगर और ओमेक्स कॉलोनी के निवासियों का रोजाना आवागमन रहता है। शहर के दो बड़े निजी स्कूल और कई समारोह स्थल भी इसी सड़क पर स्थित हैं। ऐसे में हर दिन सैकड़ों वाहन और लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन जलभराव के कारण उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवारी अमित कुमार, राजेंद्र सिंह, कुलदीप, सुमेर सिंह, जितेंद्र सिंह, आनंद स्वरूप, मोहित व दीपक आदि का कहना है कि गंदे पानी के कारण क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है। वहीं मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। राहगीरों और वाहन चालकों को भी जलभराव के कारण काफी दिक्कत होती है। कई जगह सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्र के लोगों ने नगर परिषद से जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाकर पानी की निकासी सुचारु कराने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।*

## जनगणना की तैयारियां शुरू, लघु सचिवालय में कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

- डिजिटल मोड में होने वाली जनगणना को लेकर डीसी ने दिए अधिकारियों को निर्देश


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी जनगणना-2027 को डिजिटल मोड में सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को लघु सचिवालय में तहसीलदारों व शहरी निकायों के अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों को जनगणना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी, इसलिए सभी अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। तहसीलदार व नगर निकायों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों को समय रहते प्रशिक्षित करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी डिजिटल एप्लिकेशन तथा निर्धारित प्रक्रिया से भली-भांति परिचित हो। 19 से 21 मार्च तक जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। जिसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा,जबकि 24 मार्च को चार्ज आफिसर की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इस दौरान नगणना निदेशालय हरियाणा के संयुक्त निदेशक लक्ष्मण सिंह और डिविजनल इंचार्ज जसवीर सिंह ने पीपीटी के जरिये जनगणना कार्य से जुड़ी जानकारी दी।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव को लेकर किया जागरूक


झज्जर। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** पुलिस द्वारा एक निजी एकेडमी के विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना और नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए और ना ही नशे में वाहन चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्व है इसलिए खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग ले। नशे और शरारती तत्वों से दूर रहे। पढ़ाई खेलकूद के साथ अपने माता-पिता के साथ भी समय व्यतीत करें, पूरे दिन की दिनचर्या अपने माता-पिता को बताएं और उनकी बातों पर पूरा अमल करें। हमें किसी भी प्रकार नशा नहीं करना चाहिए। नशा हमारे जीवन को ही नहीं हमारे परिवार और समाज पर भी गलत असर छोड़ता है।

## परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी

- गल्ले में रखी छह हजार रुपये की राशि व सिगरेट, बिस्किट, नमकीन व कोल्ड ड्रिंक आदि सामान चोरी
- पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव माजरा डी में एक परचून की दुकान से सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसने गांव में ही परचून की दुकान खोल रखी है। वीरवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। शुक्रवार की सुबह छह बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर पर लगा हुआ ताला गायब था। जब उसने दुकान के अंदर जाकर स्थिति का जायजा लिया तो जहां गल्ले में रखी छह हजार रुपये की राशि गायब थी। वहीं दुकान में रखे कुछ सिगरेट के पैकेट, बिस्किट, नमकीन व कोल्ड ड्रिंक समेत करीब चार हजार रुपये कीमत का सामान भी चोरी हो चुका था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दयालु द्वितीय योजना के तहत 11 आवेदन हुए प्राप्त


झज्जर। दयालु- दो योजना की समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को जिला स्तरीय बैठक में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों के साथ दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत दयालु-द्वितीय योजना की विस्तार से समीक्षा की। यह योजना हरियाणा के निवासियों के लिए है। इस योजना के तहत लावारिस-आवारा, पशुओं जैसे गाय, बैल, कुत्ते, नीलगाय, भैंस आदि के काटने-चोट मारने से हुई आकस्मिक मृत्यु, घायल होने, दिव्यांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य परिवार पहचान पत्र के तहत पंजीकृत सभी परिवारों को कवर करना है। जिला सांख्यिकी अधिकारी युद्धवीर सिंह ने योजना की विस्तार से जानकारी सांझा की और बताया कि अब तक योजना के अंतर्गत 11 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### कुलासी में किसानों ने फसल अवशेष नहीं जलाने की शपथ ली



**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी में हरको फैड के तत्वाधान में एक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को सीएम पैक्स समेत अन्य समितियों के गठन, उनकी कार्यप्रणाली व उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार बिरेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि सीएम पैक्स का गठन करके युवा पीढ़ी द्वारा स्वयं के रोजगार का सृजन किया जा सकता है। पैक्स प्रतिनिधि चांद सिंह ने किसानों को मोबाइल बैंकिंग के उपयोग में रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया। अतिथि वक्ता डॉ. कुसुम चौधरी द्वारा किसानों से फसल चक्र, प्राकृतिक खेती व फसल अवशेष न जलाने का अनुरोध किया। शिक्षा अनुदेशक एसएन कौशिक ने किसानों को भविष्य में गेहूं कटाई के उपरांत भी अवशेष न जलाने की शपथ दिलवाई। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत, पैक्स चेयरमैन रमेश कुमार व योगेश शर्मा आदि इस मौके पर मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले नागरिक अस्पताल और बाद में पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के भागलपुर निवासी रंजीत मंडल ने बताया कि वह बहादुरगढ़ की एचएल सिटी में मजदूरी करता है। धुलंडी के दिन उसका मित्र कृष्णा बाइक चला रहा था और रंजीत पीछे बैठा था। झज्जर-बहादुरगढ़ रोड पर सेक्टर-13 मोड़ के पास एक ई-रिक्शा सवारी उतार रहा था, जिस कारण उन्हें बाइक रोकनी पड़ी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और कृष्णा को गंभीर चोटें आईं। इसके बाद कार ई-रिक्शा से भी टकरा गई, जिससे रिक्शा चालक को भी चोट लगी। हादसे के बाद चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। घायल कृष्णा को राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र श्री औम प्रकाश निवासी गांव साखोल, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र साहिल व पुत्रवधु मधु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राम परसाद पुत्र श्रीपाल निवासी गली नंबर-3, बैंक कॉलोनी, बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अभिषेक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**राजकीय उच्च विद्यालय लाडपुर (3172) झज्जर**
**नकारा भवन नीलामी सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि झज्जर जिले झज्जर खंड के राजकीय उच्च विद्यालय लाडपुर (3172) जर्जर इमारत की नीलामी 17-03-2026 को सुबह 11:30 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। इसकी शुरुआती कीमत 950000 रुपये (नौ लाख पचास हजार रूपये) तय की गई है। नीलामी के नियम व शर्तें इस प्रकार हैं-1. प्रत्येक बोलीदाता को 10 प्रतिशत का डिमांड ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम देना होगा। 2. सफल बोलीदाता को कुल कीमत का 100 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट विद्यालय मुखिया के नाम देना होगा। जोकि तुडाई का कार्य आरम्भ करने या नीलामी के 7 दिन के अन्दर-2 जमा करवाना अनिवार्य होगा। अन्यथा 10 प्रतिशत धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 3. नीलामी के उपरान्त तय समय सीमा में सारा मलबा उठाना होगा व नीलामी स्थल समतल करके देना होगा, अन्यथा उपरोक्त राशि जब्त कर ली जाएगी। विद्यालय मुखिया की NOC उपरांत ही बोलीदाता को उपरोक्त धरोहर राशि वापिस की जाएगी। 4. अतिरिक्त नियम व शर्तें मौके पर बता की जाएंगी।

Sd/-Headmaster,
Shaheed Lance Naik Sri Om Govt.
High School LADPUR-3172 (Jhajjar)

**Government Primary School Main Bazar, Bahadurgarh (Jhajjar)12973**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला मेन बाजार बहादुरगढ़ जिला झज्जर की नकारा कंडम इमारत की नीलामी (12.3.2026) को रा.प्रा.पा. तबेला स्कूल बहादुरगढ़ में होनी है। जिसकी कुल कीमत मत (2,84,000/-) रुपये तय की गई है। समय प्रातः 11:30 का रखा गया है। इच्छुक बोली दाता के लिए निम्न नियम व शर्तें लागू होंगी। प्रत्येक बोली दाता को राशि का 10 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट टोकन के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी झज्जर के नाम देना होगा। सफल बोलीदाता को कुल आरक्षित राशि का 25 प्रतिशत बोली के तुरंत बाद जमा कराना होगा व बोली स्थल पर सुरक्षा एवं सामान की पूर्ण जिम्मेदारी सफल बोली दाता की होगी। नीलामी के उपरांत (45) दिन में सारा सामान (मलबा) उठाना होगा। अन्यथा राशि जब्त कर ली जायेगी। विद्यालय मुखिया व डीडीओ की एनओसी के उपरांत ही बोली दाता को उपरोक्त राशि वापिस की जायेगी।

मुख्य अध्यापक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला (12973)
मेन बाजार, बहादुरगढ़ (झज्जर)

**साइंस, मैथ्स व इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

# ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी।

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस, मैथ्स व इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि तीसरी कक्षा से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने एक्सीलेंस गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस सफलता पर स्कूल प्रबधंक केएम डागर ने कहा कि बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों ने भी कड़ी मेहनत कर साइंस, मैथ्स व इंग्लिश ओलंपियाड में कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके लिए साइंस टीचर प्रीति गुलिया व आशा, मैथ्स टीचर अमनदीप व कोमल, इंग्लिश टीचर रीमा व पूनम को प्राइमरी एचओडी पुष्पा यादव द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता व नीलम दहिया ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सिल्वर जोन साइंस ओलंपियाड में रिद्धि लविश व अक्षिता ने जीता गोल्ड मेडल

*झज्जर। इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की पहली कक्षा की छात्रा रिद्धि, आठवीं के छात्र लविश व नौवीं कक्षा की छात्रा अक्षिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। इस उपलब्धि पर विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि जीवन में सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन से ही प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया कि वे पूरे मनोयोग से अध्ययन कर ऐसे ही श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करें।*


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी।

**नीलामी सूचना**

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुरेहती खण्ड साल्हावास** विद्यालय भवन के कंडम 19 कमरों की नीलामी 18.03.2026 को पूर्वा. 11:30 बजे की जाएगी। आरक्षित मूल्य रु. 5,87,000 है। नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार हैं :- 1. प्रत्येक बोली दाता को 10 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम देना होगा। 2. सफल बोलीदाता को कुल कीमत का 100 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट विद्यालय मुखिया के नाम देना होगा। जोकि तुड़ाई का कार्य आरम्भ करने या नीलामी के 7 दिन के अन्दर-अन्दर जमा करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा 10 प्रतिशत धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 3. नीलामी के उपरांत तय समय सीमा में सारा मलबा उठाना होगा व नीलामी स्थल समतल करके देना होगा, अन्यथा उपरोक्त राशि जब्त कर ली जाएगी। विद्यालय मुखिया की एनओसी उपरांत ही बोलीदाता को उपरोक्त धरोहर राशि वापिस की जाएगी। 4. अतिरिक्त नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- जिला शिक्षा अधिकारी, झज्जर

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना बादली की पुलिस टीम ने लड़ाई झगड़े में तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएचओ सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपी राजवीर निवासी बादली को पकड़ने के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। राजेश निवासी बादली ने दी थी कि 28 फरवरी को वह अपने भाई सोमवीर पड़ोसी की बैठक के सामने खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। राजवीर और अनिल उन्हें गालियां देने लगे। उन्होंने मना किया तो राजवीर ने धक्का दे दिया। अनिल ने अपने हाथ में लिए हुए तेजधार हथियार से सोमबीर की गर्दन पर वार किया और मौके से भाग गया।

### अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एंटीनारकोटिक सेल झज्जर की पुलिस टीम ने थाना बादली एरिया से एक आरोपी को अवैध हथियार व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। सेल प्रभारी निरीक्षक दिनकर ने बताया कि अरुण निवासी लुक्सर को बादली बाईपास के निकट पकड़ा गया। तलाशी ली गई तो उसके पास एक अवैध हथियार व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थाना बादली में उसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कानोंदा में युवक पर किया ईंट से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा की गुरु कृपा कॉलोनी में होली-धुलंडी के दिन हुए झगड़े में एक युवक पर ईंट से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी आंख में गंभीर चोट आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी हरीश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से दरभंगा (बिहार) निवासी रमन ने बताया कि वह बहादुरगढ़ की एक कंपनी में नौकरी करता है। धुलंडी के दिन गली में कुछ लोग रंग-गुलाल खेल रहे थे। इसी दौरान उसके घर के बाहर कुछ युवक झगड़ने लगे। रमन ने उन्हें रोका तो आरोपी हरीश ने गुस्से में ईंट उठाकर उसकी बाईं आंख पर मार दी, जिससे उसकी आंख में गहरी चोट लग गई।

### विधायक ने पुरानी मांगें पूरी करने पर सीएम समेत भाजपा सरकार का जताया आभार

# राजेश जून ने विधानसभा में उठाई सड़क पानी, स्टेडियम व स्कूलों समेत 17 मांगें

*डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में मौजूद अवैध कब्जों को हटाकर स्टेडियम नगर परिषद को सौंपने की मांग भी रखी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। विधानसभा में बहादुरगढ़ की समस्याओं को रखते विधायक राजेश जून।

विधायक राजेश जून ने हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान बहादुरगढ़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। राजेश जून ने बहादुरगढ़ में वर्षों से टूटी सड़कों को बनवाने, 12 फुट चौड़ी सड़कों को 18 फुट करने, दिल्ली और गुरुग्राम से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए यूईआर-2 में बहादुरगढ़ को एंट्री देने, दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे से बहादुरगढ़ को एंट्री दिलवाने, बहादुरगढ़ की 11 अवैध कॉलोनियों को नियमित कर उनमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सीएम नायब सैनी और प्रदेश सरकार का आभार जताया।

विधायक राजेश जून ने विधानसभा में कहा कि जिन सड़कों को 12 फुट से बढ़ाकर 18 फुट बनाया गया है, उनकी पुलिया भी 18 फुट चौड़ी बनाई जानी चाहिए। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ठेकेदारों से ली जाने वाली 5 प्रतिशत डीएलपी (सिक्योरिटी राशि) को बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने का भी सुझाव दिया। विधायक ने कहा कि मांडोठी और जसौर खेड़ी गांवों में खिलाड़ियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल स्टेडियम बनाए जाएं।

शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में मौजूद अवैध कब्जों को हटाकर स्टेडियम को नगर परिषद को सौंपने की मांग भी रखी। मानसून के दौरान कई गांवों में होने वाली जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की। हलके के करीब 75 जोहड़ों में से 20-25 जोहड़ों का नवीनीकरण कराया जाए और लगभग 10 गांवों में गंदे पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण कराया जाए। पेयजल किल्लत का समाधान किए जाने की आवश्यकता बताई।

विधायक राजेश जून ने शहर में 4 नए स्कूल बनाने और 2 पुराने स्कूल भवनों को गिराकर नई इमारतें बनाने की मांग रखी। नए स्कूलों को इंग्लिश मीडियम बनाने का सुझाव दिसया। बालौर गांव के सरकारी स्कूल को अपग्रेड करने की मांग भी की। विधायक ने सांखोल गांव की बनी भूमि का मुद्दा भी उठाया। तीन गांवों की फिरनी का पुनर्निर्माण कराने की मांग रखी। उन्होंने नूना माजरा गांव के पास से गुजरने वाली ड्रेन में फैक्ट्रियों का गंदा पानी छोड़े जाने का मुद्दा भी उठाया।

#### मांडोठी, बराही और आसौदा सिवान गांव में चकबंदी व किल्ला बंदी कराने की मांग

विधायक ने मांडोठी, बराही और आसौदा सिवान गांव में चकबंदी व किल्ला बंदी कराने की मांग भी रखी। साथ ही वार्ड नंबर 10 छोटूराम नगर स्थित एसटीपी में बरसाती पानी भरने की समस्या को देखते हुए विशेष इंतजाम करने का भी प्रस्ताव रखा। मेन बाजार, मॉडल टाउन, नई बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में इंतकाल की समस्या के कारण लोगों को संपत्ति की खरीद-फरोख्त में आ रही परेशानी का स्थाई समाधान करने की मांग की। परनाला फाटक, छोटूराम नगर फाटक और बराही फाटक पर अंडरपास बनाने की मांग दोहराई। विधायक राजेश जून ने दमकल व्यवस्था को अधिक मजबूत और आधुनिक बनाने का आग्रह किया। नागरिक अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन, सुपर सकर मशीन स्वीपिंग मशीन व पोकलैन मशीन आदि की मांग पूरी करने तथा बजट के दौरान सरकारी हॉस्पिटल में कैथ लैब की घोषणा का स्वागत करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।

## एडवोकेट की गला रेतकर हत्या मामले में आरोपियों की धरपकड़ तेज

**झज्जर।** बुधवार देर रात शहर के छारा चुंगी क्षेत्र में मामूली कहासुनी में एक अधिवक्ता की गला रेत कर हत्या किए जाने मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा धरपकड़ तेज कर दी गई है।



पुलिस का कहना है कि प्रयास है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिन से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि बुधवार देर रात एक अधिवक्ता पर एक के बाद एक तेजधार हथियार से वार करने की वारदात को अंजाम दिया गया था। बाद में अधिवक्ता को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लाया गया था। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रेफर किया गया था। बाद में बीच रास्ते उसने दम तोड़ दिया था। मृतक की पहचान देवराज चाहार पुत्र जगत सिंह चाहार के तौर पर की गई है थी। वीरवार को पीजीआई रोहतक में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था। पुलिस द्वारा मृतक के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### पिता की शिकायत पर मामला किया था दर्ज

पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता जगत सिंह चाहर ने बताया था कि वह सिलानी जालिम का रहने वाला है। उसका छोटा बेटा देवराज सिंह चाहर स्थानीय कोट में वकील का काम करता था और शहर के माता गेट में एक महिला के साथ रहता था। बुधवार की रात करीब दस उसके पास उक्त महिला का फोन आया जिसने बताया कि देवराज को तेजधार हथियार से गले में चोटें मारी गई हैं, उसे कुलताना गांव निवासी हिमांशु बुलाकर ले गया था। जिसे अब देवराज को रोहतक पीजीआई लेकर जा रहे हैं।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान मस्ती से भरपूर प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### हरदयाल स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन डे

**बहादुरगढ़।** शहर के हरदयाल पब्लिक स्कूल में छोटे बच्चों के लिए ग्रेजुएशन डे का कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव, सुनील कुमार व प्रधानाचार्या अंशु यादव ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एलकेजी, नर्सरी और यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। एलकेजी और नर्सरी के बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रमाण-पत्र वितरण समारोह रहा। जिसमें विद्यार्थियों को उनके ग्रेजुएशन के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद यूकेजी के विद्यार्थियों ने एक नाटक प्रस्तुत किया। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव ने बच्चों को आगे बढ़ने और जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने एबेकस और वैदिक गणित में गणितीय क्षमता और प्रतिभा का परिचय दिया। साथ ही विद्यार्थियों ने मार्शल आर्ट और फ्यूजन डांस की शानदार प्रस्तुति दी। अनुराधा यादव ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्पर्धा में 120 मुक्केबाजों ने दिखाया दम

**महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराते हुए कोच हितेश देशवाल। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुक्केबाजी संघ के जिला प्रधान कोच हितेश देशवाल ने बताया कि विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में जिलेभर से बालक और बालिका वर्ग के लगभग 120 मुक्केबाजों ने भाग लिया। बालक वर्ग के स्वर्ण पदक विजेताओं में 50 किलोग्राम भारवर्ग में शुभम, 60 किलोग्राम भार वर्ग में शिवांशु, 65 किलोग्राम भारवर्ग में विशेष, 70 किलोग्राम भारवर्ग में दीक्षित, 75 किलोग्राम भारवर्ग में छविकांत, 80 किलोग्राम भारवर्ग में विशाल, 85 किलोग्राम भारवर्ग में अंशुल और 90 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में नमन दलाल शामिल रहे। बालिका वर्ग में 48 किलोग्राम भारवर्ग में अंकिता, 54 किलोग्राम भारवर्ग में दीक्षा, 57 किलोग्राम भारवर्ग में तनीषा जांगड़ा, 60 किलोग्राम भारवर्ग में खुशी, 65 किलोग्राम भारवर्ग में आकांक्षी दलाल, 70 किलोग्राम भारवर्ग में तेजस्वी, 80 किलोग्राम भारवर्ग में शगुन और 85 किलोग्राम भार वर्ग में खनक ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर भाजपा नेता मनीष बंसल सोमबीर देशवाल, सतपाल, धर्मेंद्र गुढ़ा, सोमवती जाखड़, नरेश चेयरमैन, जिला मुक्केबाजी संघ महासचिव सोमबीर अहलावत और कोच नवीन नेहरा बेरी सहित अन्य भी उपस्थित रहे। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नरेश कुमार मैनेजर की भूमिका निभाएंगे, जबकि राहुल और संदीप कोच के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### साढ़े 17 लाख स्टाम्प ड्यूटी जमा करवाने के निर्देश

**बहादुरगढ़।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) अभिनव सिवाच ने एक प्रकरण में मैसर्स फ्लावर्स इंफ्राकॉर्प्स के विरुद्ध स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित आदेश पारित किए हैं। करीब साढ़े 8 साल पहले हुए पंजीकरण में कम स्टाम्प ड्यूटी जमा करवाने पर लगभग साढ़े 17 लाख रुपये जमा करवाने के निर्देश दिए। कंपनी द्वारा एक कोलैबोरेशन एग्रीमेंट के अंतर्गत 22 नवंबर 2017 को भूमि से संबंधित दस्तावेज का पंजीकरण करवाया गया था। एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार संपत्ति का पंजीकरण उस समय प्रचलित बाजार मूल्य अथवा कलेक्टर रेट में से जो भी अधिक हो, उसके आधार पर किया जाना था और उसी के अनुसार स्टाम्प ड्यूटी अदा की जानी थी। प्रकरण की जांच के दौरान यह पाया गया कि कंपनी द्वारा दस्तावेज का पंजीकरण कलेक्टर रेट के आधार पर करवाया गया, जबकि बाजार मूल्य अधिक होना पाया गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा बाजार भाव का पुनर्मूल्यांकन कराया गया। एसडीएम अभिनव सिवाच द्वारा आदेश पारित करते हुए फ्लावर इंफ्राकॉर्प्स को 17 लाख 59 हजार 500 रुपये की स्टाम्प ड्यूटी जमा कराने के आदेश पारित किए गए हैं।


झज्जर। उखल उठाओ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### उखल उठाओ प्रतियोगिता में राकेश रहा प्रथम

**झज्जर।** गांव दरियापुर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत बाबा रामानंद गिरी महाराज ने की। होली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में गांव के बच्चों, युवाओं व महिलाओं व बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों की दौड़ व नींबू रेस, महिलाओं की मटका दौड़ व युवाओं और बड़े बुजुर्गों के लिए उखल उठाओ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। उखल उठाओ प्रतियोगिता में राकेश को प्रथम, बंसी को द्वितीय व मीनू को तृतीय स्थान मिला। महिलाओं की मटका दौड़ में सरस्वती ने पहला, मीनू दहिया ने दूसरा, गीता ने तीसरा व सुनीता ने चौथा स्थान प्राप्त किया। आयोजनकर्ता जयभगवान, संजय कुमार, छोटूराम, ग्राम सरपंच पवनपाल गुलिया, सुभाष फौजी, बिजेंद्र मास्टर, पंच जगबीर, विजयपाल, वजीर शर्मा आदि ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।


झज्जर। पशुओं की स्वास्थ्य जांच करते हुए टीम सदस्य।

### पशुपालन विभाग की टीम घर-घर जाकर कर रही पशुओं की स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** बदलते मौसम के प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। उप मंडल अधिकारी डॉक्टर संजीव सहरावत ने बताया कि इसके लिए दो टीमों का गठन किया गया है। टीम के पशु चिकित्सकों ने जिले के गांव मालियावास व सुंदरहेटी में घर-घर जाकर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान टीम सदस्यों द्वारा जिन पशुओं में बीमारी के लक्षण पाए गए, उनका मौके पर ही उपचार किया गया। उन्होंने पशुपालकों को बदलते मौसम में मक्खी, मच्छर और चिचड़ी जैसे परजीवियों से होने वाली बीमारियों बारे भी जागरूक किया। अभियान के दौरान दोनों गांवों में कुल 207 पशुपालकों के 617 पशुओं की जांच की गई।

### नेशनल कराटे स्पर्धा में जीती हरियाणा की टीम

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुई अंडर-21 सीनियर व पैरा नेशनल कराटे चैम्पयनशिप में हरियाणा ओवरआल चैम्पियन बना है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 12 व्यक्तिगत पदक जीते। साथ ही लड़के और लड़कियों की टीम फाइट में स्वर्ण पदक हासिल किया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित स्पर्धा में हरियाणा की टीम यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के बैनर तले भाग ले रही थी। प्रेसिडेंट रजनेश चौधरी ने बताया कि अंडर-21 लड़कों में 55 किलोग्राम भार वर्ग में सत्यप्रकाश ने स्वर्ण, 67 किलोग्राम में गजेश ने कांस्य, 84 किलोग्राम में कैलाश दलाल ने कांस्य व 84 किलोग्राम रविंद्र ने कांस्य पदक हासिल किया। लड़कियों में 61 किलोग्राम में पायल दलाल ने कांस्य पदक जीता। सीनियर लड़कों में 55 किलोग्राम में सत्यप्रकाश ने कांस्य व 84 किलोग्राम में सुधीर सहरावत ने स्वर्ण पदक हासिल किया। लड़कियों में 50 किलोग्राम में ऋतू ने रजत पदक, 55 में अलीशा ने स्वर्ण पदक, 61 में पायल ने कांस्य पदक व 68 किलोग्राम में सीमा ने रजत पदक हासिल किया। लड़कों की टीम फाइट में सत्यप्रकाश, सुधीर, गजेश, आदित्य, सचिन नाडिया, आर्यन गजराज, अक्षय व सूरज राठी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। लड़कियों की टीम फाइट में ऋतू, पायल, अलीशा, सीमा व खुशबू ने स्वर्ण पदक हासिल किया। सभी गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी एशियन और कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में इंडिया की टीम में खेलेंगे।



बहादुरगढ़। विजेता कराटे खिलाड़ियों के साथ रजनेश चौधरी। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। प्रशासनिक जज हर्ष बंगर का स्वागत करते प्रधान रविन छिल्लर।

### प्रशासनिक जज ने किया नए लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को प्रशासनिक जज हर्ष बंगर बहादुरगढ़ न्यायालय परिसर में निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए बनने वाली नई लाइब्रेरी के भवन का शिलान्यास भी किया। उनके साथ रोहतक के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया और झज्जर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार यादव भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर एडवोकेट ने उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाया। इस मौके पर न्यायधीश प्रवीन कुमार लाल, एसडीजेएम विवेक तोमर, जेएमआईसी सुमन, जेएमआईसी आशिमा गर्ग, जेएमआईसी मनीषा, जेएमआईसी धीरज यादव तथा जेएमआईसी हरसिमरन कौर सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन के सचिव कपिल भारद्वाज, उपाध्यक्ष राकेश चंद्र, सहसचिव इंदू राठी व कोषाध्यक्ष चिराग कौशिक समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### गोल्ड विजेता नितेश व कांस्य विजेता सावन का स्वागत

**बहादुरगढ़।** तमिलनाडु में हुई नेशनल चैम्पियनशिप में बहादुरगढ़ के हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान नितेश दलाल ने स्वर्ण और सावन दलाल ने कांस्य पदक जीता। दोनों विजेता पहलवानों का अखाड़े में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। अर्जुन अवार्डी पहलवान एवं कोच धर्मेंद्र दलाल ने बताया कि तमिलनाडु के सालेम में हुई अंडर-15 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में नितेश दलाल ने फ्री स्टाईल के 57 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं सावन दलाल ने 52 किलो भारवर्ग फ्री स्टाईल में कांस्य पदक जीता। नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे पहलवानों का अखाड़े के साथी पहलवानों, कुश्ती प्रशंसकों और अभिभावकों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अर्जुन अवार्डी पहलवान एवं कोच ओमबीर सिंह, हिंद केसरी पहलवान सोनू, कुश्ती कोच सुधीर दलाल, सेठी पहलवान, मुकेश कोच, रिंकू कोच, अनुराग कोच, सरूप पहलवान, संजय रोहद, कृष्ण छारा, प्रभु छारा, पातर सिंह, विरेंद्र, जितेंद्र दलाल, सत्येंद्र, संजय बामड़ौली, बिल्लू ठेकेदार, राजू सरपंच, पवन जाखौदा, रामकिशन पहलवान और जीता मांडौठी आदि ने नितेश व सावन का स्वागत किया और आशीर्वाद दिया।


बहादुरगढ़। पदक विजेता पहलवान नितेश व सावन का स्वागत करते कोच व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### माता गेट क्षेत्र में साधु-संतों का लगा जमावड़ा, भंडारे के साथ आज होगा समापन

# बाबा प्रसाद गिरी महाराज के वार्षिकोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर के वार्षिकोत्सव में मंचासीन साधु संत व माता गेट क्षेत्र स्थित परसा वाली चक्की में आराम करते हुए साधु संत। फोटो : हरिभूमि

नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर के 53वें वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन दूर दराज क्षेत्रों से आए संत महात्माओं ने श्रद्धालुओं को भक्ति, वैराग्य, शांति का मार्ग और मोक्ष प्राप्ति से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि केवल भक्ति का मार्ग ही आत्मा को परमात्मा से मिलाता है।

उन्होंने कहा कि अपने माता पिता की सेवा करों, गुरुजनों का आदर करों और पशु पक्षियों के प्रति भी अपनी प्रीति दिखाओं। ऐसा सब करने से सद्मार्ग के द्वार स्वयं आपके लिए खुल जाएंगे। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने भक्ति रस का पान किया और बाबा प्रसाद गिरी महाराज के जयकारें लगाते रहे। पूरे मंदिर परिसर में उत्सव का माहौल रहा। दिनभर लोग बाबा प्रसाद गिरी महाराज के दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। शनिवार को स्मष्टि भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

#### भक्ति के रंग में रंगा पूरा माता गेट क्षेत्र

वार्षिकोत्सव के चलते पूरा माता गेट क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। पूरे क्षेत्र में साधु संतों का जमावड़ा लगा हुआ है। प्राचीन गोशाला परिसर, परसा वाली चक्की और आसपास क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में साधु संतों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा श्रद्धालु दिनभर साधु संतों की सेवा में लगे हुए है। सुबह, दोपहर, शाम अलग अलग लोग साधु संतों के लिए भोजन की व्यवस्था कर रहे है।

# एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

*परीक्षा के दौरान बाह्य हस्तक्षेप न होने देने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में शुक्रवार को बारहवीं कक्षा इतिहास और जीव विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा और विभिन्न उड़नदस्तों की टीमों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम बेरी रेणुका नांदल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में चल रही परीक्षाओ के दौरान परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नकल रहित परीक्षा संचालन के लिए जीरो टॉलरेंस पर काम करें। उन्होंने कहा है कि उपमंडल के विभिन्न स्कूलों में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में नकल पर पूर्ण रोक लगाई गई है। अगर कोई नकल में शामिल मिलता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्रवाई जाएगी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से परीक्षा केंद्र में घुसने का प्रयास करे तो उसे तुरंत राउंडअप करें। साथ ही आस-पास के क्षेत्र में झुंड बनाकर खड़े होने वाले लोगों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करें।